होटल प्रबंधन, खान–पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान, लखनऊ
Institute of Hotel Management, Catering Technology & Applied Nutrition, Lucknow
Sector-G, Aliganj ,Lucknow-226024, Uttar Pradesh, INDIA
Email: ihmlucknow@gmail.com; Website: www.ihmlucknow.com; Telephone: 0522-4077414/15

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्रांक/Ref. 582/VII-4/2026-27 दिनांक/Date: 13/07/26

# नोटिस

**विषय: विशेष अनुपूरक सेमेस्टर-अंत परीक्षा (Semester VI) – जुलाई 2026**

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर-VI की विशेष अनुपूरक सेमेस्टर-अंत परीक्षा जुलाई 2026 के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा केवल IGNOU में नामांकित विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है।

यह परीक्षा केवल उन विद्यार्थियों के लिए होगी जो निम्नलिखित पात्रता शर्तों को पूर्ण करते हैं—

- सेमेस्टर-I से सेमेस्टर-V तक किसी भी विषय में री-अपीयर/बैकलॉग न हो; तथा
- केवल सेमेस्टर-VI में ही री-अपीयर/बैकलॉग विषय हो।

उपरोक्त पात्रता रखने वाले विद्यार्थी ही इस विशेष अनुपूरक सेमेस्टर-अंत परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

**महत्वपूर्ण निर्देश:**

1. संबंधित पाठ्यक्रम हेतु विद्यार्थी का पंजीकरण वैध (Valid) होना चाहिए तथा समय-सीमा समाप्त (Time-Barred) नहीं होना चाहिए। *(यह प्रावधान केवल वर्ष 2021 एवं उसके बाद प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों पर लागू होगा।)*
2. परीक्षा प्रपत्र (Examination Form) सावधानीपूर्वक एवं सही प्रकार से भरें। फोटो एवं निर्धारित शुल्क सहित भरे हुए भौतिक (Physical) परीक्षा प्रपत्र के जमा होने के पश्चात किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. निर्धारित अंतिम तिथि का कड़ाई से पालन किया जाए। दिनांक 23.07.2026 के पश्चात परीक्षा प्रपत्र जमा करने का कोई भी अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

शुल्क विवरण:

- पंजीकरण शुल्क: ₹1,000/-
- परीक्षा केन्द्र परिवर्तन शुल्क: ₹500/-
- परीक्षा शुल्क: ₹300/500/- प्रति विषय (सैद्धांतिक/प्रायोगिक)

सभी पात्र विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे संस्थान की वेबसाइट से परीक्षा प्रपत्र डाउनलोड करें, सभी आवश्यक औपचारिकताएँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें तथा विधिवत भरा हुआ प्रपत्र निर्धारित शुल्क सहित **दिनांक 23.07.2026 तक** व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा संस्थान में जमा कराना सुनिश्चित करें।

नीलेन्द्र

**[नीलेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव]**
**प्राचार्य/ई.एस.**